कक्षा - VII Le - 01

1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) भाषा की परिभाषा दीजिए और किन्हीं तीन भाषाओं के नाम लिखिए।
→ भाषा वह साधन है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने मन के भावों को बोलकर और लिखकर प्रकट करता है वह इसके माध्यम से दूसरों के विचारों को सुनकर और पढ़कर समझता है।
तीन भाषाओं के नाम - हिंदी, मराठी, उर्दू।

(ख) मौखिक और लिखित भाषा में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।
→ भाषा के जिस रूप से अपने विचारों का आदान-प्रदान बोलकर और सुनकर किया जाता है, उसे मौखिक भाषा कहते हैं। और भाषा के जिस रूप से अपने विचारों का आदान-प्रदान लिखकर और पढ़कर किया जाता है, उसे लिखित भाषा कहते हैं।

(ग) लिपि से आप क्या समझते हैं? हिंदी, अंग्रेजी, और उर्दू भाषा की लिपियों के नाम बताइए।
→ बोलकर कही गई बात अधिक समय तक सुरक्षित नहीं रखी जा सकती है। बोलते ही बात समाप्त हो जाती है, इसलिए उसे सुरक्षित रखने के लिए कुछ विशेष चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, इन चिह्नों को हम लिपि कहते हैं।

(घ) हिंदी दिवस किस दिन मनाया जाता है और क्यों?
→ हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है क्योंकि 14 सितंबर, सन 1949 को इसे भारत संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

(ङ) व्याकरण किसे कहते हैं? किसी भाषा के व्याकरण को पढ़ना क्यों आवश्यक है?
→ व्याकरण वह शास्त्र है जो भाषा के वर्णों, शब्दों और वाक्यों को शुद्ध बोलना, पढ़ना और प्रयोग करना सिखाता है। किसी भाषा के व्याकरण से भाषा की रक्षा होती है। व्याकरण के अभाव में

P.T.O

किसी भाषा की आकृति बिगड़ जाती है।

(च) व्याकरण के तीन अंगों में किन-किन बातों का अध्ययन किया जाता है?
→ व्याकरण की तीन अंग
वर्ण विचार :- व्याकरण के इस भाग में वर्णों के स्वरूप, भेद, आकार, उच्चारण, उत्पत्ति इत्यादि पर विचार किया जाता है।

शब्द विचार :- व्याकरण के इस अंग में शब्द के स्वरूप, भेद, प्रकार, लिंग, वचन, विराम-चिह्न आदि का वर्णन किया जाता है।

वाक्य विचार :- वाक्य-विचार व्याकरण का वह अंग है जिसमें वाक्य-रचना, वाक्य-विश्लेषण, भेद, विराम-चिह्न आदि का वर्णन किया जाता है।

(छ) भाषा और बोली के अंतर को स्पष्ट कीजिए।
→ भाषा का प्रयोग एक बड़े क्षेत्र में किया जाता है जबकि भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है। भाषा की इकाई बोली मानी गई है। अवधि, भोजपुरी, मगही, मैथिली बोली है।

**2. कोष्ठक में से उचित विकल्प छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) भाषा के लिखित रूप को पढ़कर दूसरों के विचार जाने जाते हैं। (लिखित / मौखिक)
(ख) भोजपुरी एक बोली है (भाषा / बोली / लिपि)।
(ग) व्याकरण के उस भाग को, जिसमें वर्णों पर विचार किया जाता है, उसे वर्ण-विचार कहते हैं। (वर्ण-विचार / चिह्न-विचार)
(घ) भाषा का शुद्ध ज्ञान व्याकरण कराता है। (व्याकरण / साहित्य)
(ङ) देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषा हिंदी है (पंजाबी / हिंदी)

P.T.O

Scanned with CamScanner

(च) हरियाणवी हरियाणा की बोली है। (पंजाब / हरियाणा)
(छ) 14 सितंबर 1949 को हिंदी भारत की राजभाषा बनी।

(3) निम्नलिखित की परिभाषा दीजिए।

(क) मातृभाषा :- जो भाषा सबसे पहले सीखी जाती है, वह मातृभाषा कहलाती है।

(ख) मानक भाषा :- शिष्ट लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली तथा विद्वानों द्वारा स्वीकृत की गई भाषा ही भाषा का मानक रूप है।

(ग) राजभाषा :- किसी राज्य या देश की घोषित भाषा होती है जो कि सभी राजकीय प्रयोजनों में प्रयोग होती है।

(घ) बोली :- जब कोई भाषा किसी विशेष क्षेत्र में बोली जाती है तो उसे बोली कहते हैं।

(ङ) लिपि :- विचारों को लिखित रूप देने के लिए जिन ध्वनि-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उनके लिखने की विधि को लिपि कहते हैं।

(च) व्याकरण :- जो विद्या भाषा के स्वरूप का विश्लेषण (अर्थात उसकी शुद्धता-अशुद्धता, निर्माण विधि आदि का ज्ञान दे उसे व्याकरण कहते हैं।

(4) भाषा और लिपि के सही जोड़े बनाइए।

(क) हिंदी - देवनागरी
(ख) अंग्रेज़ी - रोमन
(ग) उर्दू - फ़ारसी
(घ) पंजाबी - गुरुमुखी
(ङ) संस्कृत - देवनागरी
(च) मराठी - देवनागरी

(5) निम्नलिखित भाषा के रूपों को सही शीर्षक के सामने लिखिए।

लिखित - निबंध-लेखन, कहानी-लेखन, प्रार्थना-पत्र, एस० एम० एस०
मौखिक - कविता-पाठ, नाटक, वाद-विवाद, भाषण

* * *

Scanned with CamScanner